font>

Title: Need for early completion of construction work at Masan dam project in North Bihar.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : मैडम, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तरी बिहार के मसान डैम परियोजना की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस परियोजना को वन एवं पर्यावरण के अधिनियमें के कारण अभी तक लागू नहीं किया जा सका है, जब कि मसान डैम को 1973 से बनाने का विचार किया जा रहा है और 1982 में इस योजना की स्वीकृति मिली। इसको पांच वर्ा में पूरा किया जाना था। इस योजना के तहत 350 वर्ग किलोमीटर जलग्रहण क्षेत्र में मसान नदी के ऊपर 85 फुट ऊंचे और 5220 वर्ग किलोमीटर लम्बे बांध का निर्माण किया जाना था, जिससे उत्तर बिहार के वर्ा के पानी को रोक कर बाढ़ पर काबू पाया जा सके। साथ ही पानी से सिंचाई की जा सके। प्रत्येक वर्ा के समय उत्तर बिहार में बाढ़ आती है और करोड़ों रुपए की फसल नट हो जाती है। प्रलयकारी बाढ़ से लाखों लोग बेघर हो जाते हैं। मसान नदी पर प्रत्येक वर्ा की बाढ़ से पश्चिम और पूर्व चम्पारण क्षेत्रों का विकास नहीं हो पा रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उत्तर बिहार को स्थाई रूप से बाढ़ से निजात पाने के लिए मसान डैम परियोजना का शीघ्र अति शीघ्र निर्माण किया जाए।